## सम्पादकीय

# देश के दर्जनों शहरों में हवा जहरीली

एक समय जो नैरेटिव मेनस्ट्रीम मीडिया का सबसे प्रिय विषय होता था वह समय के साथ या सरकार बदलते ही कैसे गायब हो जाता है इसकी मिसाल सिर्फ रुपए की गिरती कीमत का मामला नहीं है, बल्कि प्रदूषण का मामला भी है। जब बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप सर्दियों में दिल्ली आए थे तब मीडिया ने हिसाब लगाया था कि राजधानी दिल्ली के प्रदूषण से अमेरिकी राष्ट्रपतियों के जीवन के कितने घंटे कम हो गए। यह हिसाब भी लगाया गया कि दिल्ली के वायु प्रदूषण के कारण यहां रहने वाले लोगों का जीवन औसतन कितने साल कम हो जा रहा है। जिस समय यह हिसाब लगाया गया उस समय दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं थी। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और वायु प्रदूषण लगातार 'बेहद खराबइ या 'गंभीरइ श्रेणी में है। वायु प्रदूषण के आंकड़े को यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स, एक्यूआई को इन दो श्रेणियों में रखने के लिए कितनी तरह के तिकड़म किए जा रहे हैं वह सबको पता है। फिर भी किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिस समय रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नई दिल्ली पहुंचे उस समय भी सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिल्ली की हवा 'बेहद खराबइ श्रेणी में थी। यानी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर था। लेकिन किसी ने हिसाब नहीं लगाया कि ऐसी हवा में सांस लेने से पुतिन और उनके साथ आए मंत्रियों की उम्र कितने घंटे कम हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं है कि रूस या दुनिया के दूसरे देशों के लोग दिल्ली की वहा की गुणवत्ता को नहीं देख रहे हैं या नहीं महसूस कर रहे हैं। सारी दुनिया देख रही है कि भारत में वायु प्रदूषण महामारी बन गया है और सरकारें आंकड़ों के प्रबंधन में लगी हैं। सरकारें समय काट रही हैं कि किसी तरह से सर्दियां बीत जाए तो प्रदूषण पर से लोगों का ध्यान हट जाएगा। भारत में गरीबी, अशिक्षा, पिछड़ापन स्थायी है और बाकी हर समस्या ऐसे ही सीजनल है। प्रदूषण, हीटवेब, बाढ़ आदि अलग अलग मौसम में महामारी की तरह आते हैं और चले जाते हैं। लोगों के साथ साथ सरकारें भी भूल जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिवाली के बाद से अकेले नोएडा में दो लाख से ज्यादा सांस के मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। दिल्ली और पूरे एनसीआर में यही स्थिति है। सर्दियां आते ही प्रदूषण बढ़ता है और अस्पतालों में सांस के मरीज बढ़ने लगते हैं। ध्यान रहे प्रदूषण कोई ऐसी समस्या नहीं है, जिसे ठीक नहीं किया जा सकता है। बीजिंग ने दुनिया को दिखाया है। एक दशक पहले बीजिंग वायु प्रदूषण की वैश्विक राजधानी था। लेकिन राष्ट्रीय सरकार, स्थानीय प्राधिकरण की इच्छाशक्ति और आम लोगों के सहयोग से उसने प्रदूषण को समाप्त कर दिया। पिछली सदी के लंदन ने पूरी दुनिया को इसका रास्ता दिखाया था। औद्योगिक क्रांति के बाद से लंदन कई तरह के प्रदूषण की चपेट में था लेकिन उसने हवा और पानी पूरी तरह से स्वच्छ कर दिए। भारत में सिर्फ राजधानी दिल्ली नहीं है, बल्कि देश के दर्जनों शहरों में हवा जहरीली हो गई है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची बनती है तो शीर्ष 10 देशों में हर समय पांच या उससे ज्यादा शहर भारत के होते हैं। और ऐसा भी नहीं है कि भारत में कोई औद्योगिक क्रांति हो रही है। विनिर्माण की ज्यादातर इकाइयां तो बंद हैं। सब कुछ आयात होता है। फिर भी वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली के पानी में यूरेनियम की मात्रा है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो रही है। एक साल में दिल्ली में कैंसर के 28 हजार नए मरीज मिले हैं। लेकिन सरकारें एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं किसके शासन वाले राज्य में किसान ज्यादा पराली जला रहे हैं। जबकि यह आंकड़ा सामने आ गया है कि पराली जलाना नहीं, बल्कि ऑटोमोबाइल का धुआं दिल्ली की प्रदूषण का मुख्य कारण है। लेकिन जीएसटी व पेट्रोल, डीजल पर लगने वाले टैक्स के लालच में और ऑटोमोबाइल सेक्टर के दबाव में कोई भी सरकार गाड़ियों की बिक्री को नियंत्रित नहीं करती है।

# उद्योग हितैषी नीति से राज्य में 7.69 लाख करोड़ रुपए के निवेश

**छगनलाल लोन्हारे**

रायपुर, विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साधने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश में नई औद्योगिक नीति (2024–30) लागु की गई है। राज्य की उद्योग हितैषी नीति के फैसले निवेश-क छत्तीसगढ़ में उद्योग–धंधा स्थापित करने की दिशा में आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में 01 जनवरी 2024 से अक्टूबर 2025 तक 2415 उद्योग स्थापित हुए जिनके द्वारा लगभग 18058.34 करोड़ का निवेश किया गया एवं लगभग 42 हजार 500 रोजगार सृजित हुए। 01 जनवरी 2024 से अक्टूबर 2025 तक उद्योगों को 1000 करोड़ से अधिक अनुदान का वितरण किया गया।

निवेश प्रोत्साहन

नई औद्योगिक विकास नीति 2024–30 को 1 नवंबर 2024 से प्रभावी किया गया है। पहली बार नीति को रोज़गार उन्मुख बनाया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की पहल पर प्रशिक्षण सब्सिडी ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा 1000 से अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों के लिए कस्टमाइज़्ड पैकेज की व्यवस्था की गई है। राज्य में श्रम–प्रधान उद्योगों को आकर्षित करने हेतु 27 मई 2025 को की गई संशोधन के माध्यम से रोज़गार सृजन सब्सिडी एवं एम्प्लॉयमेंट मल्टिप्लायर का प्रावधान किया गया है। सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने हेतु औद्योगिक विकास नीति के तहत पात्र सेवा क्षेत्रों की सूची को बढ़ाकर 43 किया गया है।पहली बार पर्यटन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को औद्योगिक विकास नीति में शामिल किया गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु 27 मई 2025 के संशोधन द्वारा निजी विद्यालय निजी शीर्ष 100 एवं विदेशी विश्वविद्यालय तथा निजी आवासीय खेल अकादमियों को औद्योगिक विकास नीति में सम्मिलित किया गया है। नीति के प्रचार–प्रसार व निवेश आकर्षित करने हेतु रायपुर, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु ओसाका, जगदलपुर एवं अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किए गए।इन प्रयासों के चलते राज्य को लगभग 7.69 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें स्टील पावर, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, आईटी, बीपीओ लीन एनर्जी आदि क्षेत्र शामिल हैं। नवा रायपुर में राज्य में देश का प्रथम एआई डाटा सेन्टर तथा सेमीकंडक्टर निर्माण हेतु रु 11.000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं इनकी स्थापना की जा रही है।

ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस

अनुपालनों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, राज्य ने अनुपालन बोझ को घटाने की पहल की है। इसके तहत 1167 जटिल अनुपालनों की पहचान की गई, 231 प्रावधानों को अपराध मुक्त किया गयाए 369 प्रक्रियाओं–प्रक्रियाओं को डिजिटल किया गया, 194 प्रावधानों–प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया, तथा 14 प्रावधानों में अनावश्यकता को समाप्त किया गया।कुल 716 व्यवसाय केंद्रित अनुपालनों में से 117 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, 231 प्रक्रियाएँ प्रक्रियाओं को डिजिटल किया गया, 153 प्रावधानों प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया और 14 प्रावधानों में अनावश्यकता कम की गई। इसके अलावा कुल 451 नागरिक केंद्रित अनुपालनों को सुव्यवस्थित किया गया है, जिनमें से 114 प्रावधानों को अपराधमुक्त 138 प्रक्रियाओं प्रक्रियाओं को डिजिटल, तथा 41 प्रावधानों प्रक्रियाओं को सरल किया गया है।इन सभी पहलों का उद्देश्य राज्य में व्यवसायों के लिए एक अनुकूल और सहज वातावरण तैयार करना है ताकि उद्योग और व्यापार क्षेत्र और अधिक विकसित हो सके। बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत विभिन्न विभागों के नियम और प्रक्रियाएँ सरल की गईं। महिलाओं को सुरक्षित तरीके से 24म7 कार्य की अनुमति देने हेतु संबंधित नियमों में संशोधन किए गए। राज्य में 435 बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान को क्रियान्वयित किया गया है। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के अंतर्गतराज्य 4 श्रेणियों में टॉप अचीवर बना।82 जिला स्तरीय सुधारों की पहचान की गई, जिनमें से 124 सुधार लागू किए जा चुके हैं नई सिंगल विंडो प्रणाली भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के आधार पर विकसित की गई है। नया पोर्टल 1 जुलाई 2025 को लॉन्च किया गया। राज्य के विभिन्न अधिनियमों में छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने हेतु विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ जनविश्वास प्रावधानों में संशोधन अधिनियम 2025 मानसून सत्र में विधानसभा द्वारा पारित किया गया। अधिनियम के माध्यम से 8 अधिनियमों के अंतर्गत 163 प्रावधानों को गई अपराधिकृत किया गया। जनविश्वास अधिनियम पारित करने वाला देश में दूसरा राज्य बना। औद्योगिक भूमि आवंटन को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु छत्तीसगढ़ भूमि आवंटन नियमों में संशोधन किया गया है। अब औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन फर्स्ट–कम–फर्स्ट–सर्व की जगह ई–टेंडरिंग के माध्यम से किया जा रहा है।

**82 जिला स्तरीय सुधारों की पहचान की गई, जिनमें से 124 सुधार लागू किए जा चुके हैं नई सिंगल विंडो प्रणाली भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के आधार पर विकसित की गई है। नया पोर्टल 1 जुलाई 2025 को लॉन्च किया गया। राज्य के विभिन्न अधिनियमों में छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने हेतु विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ जनविश्वास प्रावधानों में संशोधन अधिनियम 2025 मानसून सत्र में विधानसभा द्वारा पारित किया गया। अधिनियम के माध्यम से 8 अधिनियमों के अंतर्गत 163 प्रावधानों को गई अपराधिकृत किया गया। जनविश्वास अधिनियम पारित करने वाला देश में दूसरा राज्य बना। औद्योगिक भूमि आवंटन को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु छत्तीसगढ़ भूमि आवंटन नियमों में संशोधन किया गया है।**

औद्योगिक अधोसंरचना

पिछले एक वर्ष में 7 औद्योगिक पार्क स्थापित किए गए तथा 7 अन्य स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना प्रक्रिया में हैं। विगत दो वर्षों में औद्योगिक लैंड बैंक हेतु कुल 05 जिलों में कुल रकबा 255.725 हेक्टेयर भूमि का आधिपत्य विभाग को प्राप्त हुआ है। औद्योगिक लैंड बैंक हेतु कुल 08 जिलों में कुल रकबा 940.65 हेक्टेयर नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड हेतु 02 जिलों में कुल रकबा 172.112 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस हेतु 07 जिलों में कुल रकबा 82.000 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

एक्सपोर्ट फ़ैसिलिटेशन काउंसिल

सरकारी खरीद को पारदर्शी और किफायती बनाने हेतु राज्य सरकार द्वारा जीईएम पोर्टल अपनाया गया है। सीएसआईडीसी के माध्यम से जीईएम टीम द्वारा जिलेवार और विभागवार प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु आईआईएफटी कोलकाता के साथ एमओयू कर राज्य स्तर पर एक्सपोर्ट फ़ैसिलिटेशन काउंसिल स्थापित की गई है। साथ ही निर्यात संवर्धन हेतु प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट निर्यात आयुक्त कार्यालय में नियुक्त की गई है।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस जटिलताओं से घिर गई है

**अजय दीक्षित**



संसद में जिस प्रकार से चुनाव आयोग, चुनाव परिणामों और रिफॉर्म्स पर कांग्रेस और उनके नेता बहस करते नजर आ रहे हैं उससे यह लगता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस जटिलताओं से घिर गईं है। राहुल गांधी को अभी भी समझ में नहीं आ रहा है कि पहले हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली,अब बिहार विधानसभा चुनावों में अपने साथी दलों में समन्वय में कमी और मुद्दों के दिवालिया पन हारी है और उसके बाद भी राहुल गांधी चुनाव आयोग को दोषी मानते हैं और वोट चोरी जैसे आंदोलन करते हैं। इतना ही नहीं वर्तमान सत्र में कांग्रेस इन्हीं मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहती है और भारतीय जनता पार्टी जैसी चतुर पार्टी कांग्रेस को बंदे मातरम् जैसे अपने एजेंडा पर ले आती है और कांग्रेस के पुरखो को भी घसीट रही है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, बेनुगोपाल, मनोज झा, प्रमोद तिवारी,भी हड़प्रभ है कि राहुल गांधी को किशप्रकार समझाए।यद्यपि सरकार के मुद्दों की कमी नहीं परंतु नेताओं में कमी है कि वह जनमानस के मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहते हैं।वरना महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, कानून व्यवस्था, विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा,ऐसे मुद्दे हो सकते हैं जिन पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की जटिलताओं का पार नहीं है।वे घूम फिर कर मुस्लिम तुष्टिकरण, मतदाता सूचियों में गहन परीक्षण एसआईआर, ईवीएम पर आ जाते हैं और सरकार भी यही चाहती है क्योंकि उसके वोट बैंक में ये मुद्दे सटीक बैठते हैं।2024 के आम चुनाव में कांग्रेस 100 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी के विजय रफ्तार को कुछ विराम लगाया था। केंद्र सरकार जेडीयू और टीडीपी की बैसाखियों पर आ गई थी मगर डेढ़ वर्ष में सब किया धरा समाप्त कर दिया। नौबत यहां तक आ गई कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार विधानसभा चुनावों में हार चुकी है और 2026 में होने वाले पश्चिमी बंगाल, असम, तमिलनाडु,केरल विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस की नैया पार नहीं लगने वाली क्योंकि पश्चिमी उत्तर में तो कांग्रेस से तुड़मूल ने नाता तोड़ लिया है,असम में भारतीय जनता पार्टी से सीधी लड़ाई है, तमिलनाडु में जूनियर पार्टनर की तरफ डीएमके के साथ लड़ेगी ।केरल में वामपंथियों से मुकाबला है वहीं कांग्रेस को कुछ उम्मीद है।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़,में कांग्रेस कमजोर आलाकमान के चलते अनिर्णय की स्थिति में है और झारखंड में तो बकायदा हेमंत सोरेन के बारे में कहा जा रहा है कि वह कभी भी भारतीय जनता पार्टी के गोद में बैठे मिलें । कर्नाटक, डीके शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की लड़ाई में बदनाम हो चली है और राहुल गांधी कोई फैसला नहीं कर पा रहे हैं।यही हालत हिमाचल प्रदेश के हैं और यह सरकार तो इसलिए टिकी है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश को कांग्रेस सरकार गिराने से इंकार कर दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट खींच तान मचाए है। मप्र में कांग्रेस कमलनाथ, दिग्विजय सिंह,को हाशिए पर डाले हैं।जीतू पटवारी की दिग्विजय सिंह से नहीं पटती और दोनों इंदौर से है।

# जीएसटी वसूली ने पानी फेरा

कहा गया था कि जीएसटी में कटौती से बाजार में खरीदारी इतनी ज्यादा बढ़ेगी कि सरकार के कर राजस्व में असल में इजाफा होगा। लेकिन जीएसटी वसूली के अक्टूबर के आंकड़ों ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया है।

एक ही दिन आई तीन खबरों ने उस गुब्बारे में पिन चुभो दी है कि जिसे वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के नए ढांचे को लागू होने के बाद फुलाया गया था। केंद्र ने आय कर की सीमा में बढ़ोतरी और कुछ वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती को भारतीय अर्थव्यवस्था की तमाम समस्याओं का हल बताया। साथ ही कहा गया कि उन फैसलों से बाजार में खरीदारी इतनी ज्यादा बढ़ेगी कि सरकार के कर राजस्व में असल में इजाफा होगा। लेकिन जीएसटी वसूली के अक्टूबर के आंकड़ों ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया है।

बेशक, अक्टूबर में अनेक उपभोक्ता वस्तुओं की ज्यादा खरीदारी हुई। वैसे तो त्योहार के सीज़न में बाजार में तेजी आती है, मगर इस बार यह अपेक्षाकृत अधिक रही। मगर इतनी नहीं कि जीएसटी में कटौती से हुई क्षति की भरपाई हो जाए। नतीजा है कि सितंबर की तुलना में जीएसटी वसूली में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए की कमी आई। पिछले साल के अक्टूबर की तुलना में महज 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई।

इस सिलसिले में दो और आंकड़े अहम हो जाते हैं। अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 14 महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। उधर मैनुफैक्चरिंग गतिविधियां नौ महीनों के सबसे निचले स्तर तक गिर गई हैं। इसका अर्थ है कि उत्पादकों को आने वाले महीनों में बाजार में तेजी रहने की उम्मीद नहीं है। त्योहारों से पहले उन्होंने उत्पादन जरूर बढ़ाए, मगर उन्हें अहसास है कि अक्टूबर में बढ़ी खरीदारियां जारी नहीं रहने वाली हैं। कारण साफ है। बाजार में तेजी तब निरंतर जारी रहती है, जब औसत आमदनी बढ़ रही हो। लेकिन रोजगार का बाजार गतिरुद्ध हो, तो ऐसा नहीं हो सकता। उस हाल में भविष्य की आशंका से ग्रस्त लोग बचत करने को तरजीह देते हैं। सिर्फ इसलिए कि टैक्स कटौती से चीजें कुछ सस्ती हो गई हों, लोग बाजार में नहीं उमड़ते। इसलिए जीएसटी वसूली में गिरावट दीर्घकालिक चिंता का कारण बन सकती है। आखिर राजस्व में कमी की भरपाई सरकार को कहीं से करनी होगी। तो उसकी मार कहां पड़ेगी, यह सवाल अहम हो गया है।

## धुरंधर की कमाई 200 करोड़ रुपये के पार, कई बड़ी फिल्मों को छोड़ा पीछे



धुरंधर ने अपनी रिलीज का पहला हफ्ता पूरा कर लिया है. धुरंधर ने पहले ही हफ्त में डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई करते हुए 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई धुरंधर की कहानी, एक्शन और इसके किरदार दर्शकों को खूब थ्रिल कर रहे हैं. आदित्य धर के निर्देशन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर. माधवन जैसी स्टेलर स्टार कास्ट है फिल्म की कमाई पहले सोमवार से बढ़ती जा रही है. फिल्म ने 7 वें दिन छठे दिन से ज्यादा कलेक्शन किया है.

फिल्म ने पहले दिन 28.60 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 33.10 करोड़ रुपये और तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 44.80 करोड़ रुपये का छप्पर फाड़ कलेक्शन किया था. फिल्म धुरंधर ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले वीकेंड पर भारत में कुल 106.50 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 160.15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था. फिल्म ने चौथे दिन 24.30 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 28.60 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने भारत में 5 दिनों में 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर 159.40 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं, फिल्म ने छठे दिन 29.20 करोड़ रुपये और सातवें दिन 29.40 करोड़ रुपये की कमाई की है. ऑफिशियल आंकड़ों के अनुसार फिल्म का कुल कलेक्शन 218.25 करोड़ रुपये हो चुका है. धुरंधर का पहले हिंदी बेल्ट में ओवरऑल ऑक्यूपेंसी रेट 39.53 फीसदी रहा.

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: यशस्वी जायसवाल ने हरियाणा के खिलाफ 48 गेंदों में जड़ा शतक

नईदिल्ली, भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपना शानदार फॉर्म घरेलू क्रिकेट में भी जारी रखा है। इस खिलाड़ी ने मुंबई क्रिकेट टीम के लिए खेलते हुए हरियाणा क्रिकेट टीम के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार शतकीय पारी (101) खेली। उन्होंने सिर्फ 48 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। यशस्वी के टी–20 करियर का यह चौथा शतक रहा। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। यशस्वी ने 50 गेंदों का सामना किया और 101 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 16 चौके और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 202 की रही। उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ पहले विकेट के लिए 19 गेंदों में 53 रन जोड़े। इसके बाद सरफराज खान के साथ 37 गेंदों में 88 रन की साझेदारी निभाई। सरफराज ने मैच में सिर्फ 25 गेंदों का सामना किया और 64 रन बनाए। उनके बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के निकले। यशस्वी ने अब तक 120 टी–20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 116 पारियों में लगभग 34 की औसत से 3,667 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 23 अर्धशतक भी निकले हैं। यशस्वी का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 124 रन रहा है।

## जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलिंग को कहा अलविदा, आखिरी मुकाबले में मिली हार



नईदिल्ली,रेसलिंग प्रमोशन की सबसे बड़ी कंपनी डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज रेसलर जॉन सीना ने इस खेल को अलविदा कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के इस दिग्गज ने साल 2002 में डेब्यू किया था। वह 2005 में डब्ल्यूडब्ल्यूई का चेहरा बने और 17 बार विश्व चैंपियन रहे। सीना ने एक बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के रूप में संन्यास लिया है। 2015 के बाद से सीना ने फिल्मों में अभिनय शुरु किया था। ऐसे में आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं। सीना ने 2002 में स्मैकडाउन के एक एपिसोड में कर्ट एंगल के खिलाफ डब्ल्यूडब्ल्यूई में डेब्यू किया। करियर की शुरुआत में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा और वह रिलीज होने के करीब थे। 2004 में उन्होंने रेसलमेनिया में डेब्यू किया और बिग शो को हराकर यूएस चैंपियनशिप जीती। इसके बाद सीना तेजी से शीर्ष पर पहुंचे और रेसलमेनिया 21 में जेबीएल को चुनौती देकर डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप मुकाबला लड़ा। सीना ने जेबीएल को हराकर पहली बार वर्ल्ड टाइटल अपने नाम किया। सीना ने मनी इन द बैंक 2024 में अपने डब्ल्यूडब्ल्यूई संन्यास का ऐलान किया था और बताया था कि वह एक पहले कभी न देखे गए फेयरवेल टूर का हिस्सा होंगे। सीना ने अपने इस विदाई दौरे की शुरुआत रॉयल रंबल 2025 से की, जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबले से सबसे आखिर में बाहर होने वाले सुपरस्टार बने। यह पल उनके ऐतिहासिक करियर का यादगार अध्याय साबित हुआ। सीना ने एलिमिनेशन चैंबर मैच जीतकर रेसलमेनिया 41 में कोडी रोड्स से भिड़ने का अधिकार हासिल किया। कोडी को हराकर उन्होंने 17वीं बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने खिताब का बचाव सीएम पंक और रैंडी ऑर्टन के खिलाफ किया, लेकिन समरस्लैम में कोडी से हार गए।

## धुरंधर के क्रेज के बीच बॉर्डर 2 से आया बड़ा अपडेट



बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है. इस बीच मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज की तारीख का एलान किया है. बॉर्डर 2 की टीम ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है और फिल्म के टीजर रिलीज का खुलासा किया है. वरुण धवन ने इसे अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा है, विजय दिवस का जोश, 1971 की जीत की याद, और साल का सबसे ग्रैंड टीजर लॉन्च – एक साथ. बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को दोपहर 1:30 अपराह्न आईएसटी पर आएगा. 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.बॉर्डर 2 के पोस्टर में फिल्म के चारों हीरो, सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी एक ही फ्रेम में दिख रहे हैं. पोस्टर में वे सभी अपना अलग–अलग हिम्मत दिखा रहे हैं– सनी अपने आइकॉनिक, लड़ाई में माहिर अवतार में, वरुण ड्यूटी पर पक्के इरादे के साथ, दिलजीत लड़ाई के बीच में हिम्मत दिखाते हुए, और अहान बोल्ड, जवानी वाली हिम्मत दिखाते हुए. बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे विजय दिवस पर लॉन्च किया जाएगा.

## राहु केतु का पहला गाना मदिरा जारी, शालिनी पांडे संग झूमते दिखे पुलकित सम्राट–वरुण शर्मा

यह पार्टी वाला मौसम अब और भी तड़का लगाएगा, क्योंकि राहु केतु की मदिरा हर न्यू ईयर सेलिब्रेशन में धूम मचाने आ चुकी है। जबरदस्त चर्चा और सस्पेंस के बाद, ज़ी स्टूडियोज़ और बीलाइव प्रोडक्शन्स ने आज आखिरकार राहु केतु का धमाकेदार टीज़र उतार दिया, जो दर्शकों को पहली झलक देता है इस फिल्म की जबरदस्त मजेदार और झक्कास कॉस्मिक दुनिया की। टीज़र के तुरंत बाद मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना मदिरा भी लॉन्च कर दिया, जिसमें पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे चमकते नजर आते हैं। धमाधड़ बीट्स वाला यह हाई एनर्जी पार्टी सांग इस सीजन हर न्यू ईयर पार्टी का अनऑफिशियल एंथम बनने वाला है। सबकी नजरें खींच लेती हैं शालिनी पांडे, जो एक दमदार, पहले कभी न देखे गए अवतार में स्क्रीन पर आग लगा देती हैं। उनके स्मूद और बोल्ड डांस मूव्स और हॉट लुक पूरा गाने की एनर्जी को एकदम आसमानी लेवल पर ले जाते हैं।

## टेस्ट क्रिकेट: पाकिस्तान के खिलाफ इन भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन



नईदिल्ली,टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रतिद्वंद्विता हमेशा रोमांचक और शानदार रही है। हालांकि, राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दोनों देश अब क्रिकेट का सबसे बड़ा प्रारूप नहीं खेलते हैं। फिर भी उनके ऐतिहासिक मुकाबलों के रिकॉर्ड हमेशा यादगार और चर्चित रहे हैं। ऐसे में आइए पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर एक नजर डाल लेते हैं।

पहले स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच साल 1978 में खेला था। आखिरी बार वह 1987 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। गावस्कर ने 24 टेस्ट मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेले थे। इसकी 41 पारियों में 56.45 की औसत से 2,089 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 5 शतक और 12 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 166 रन था।

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और पूर्व दिग्गज खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच साल 1978 में खेला था। आखिरी बार वह 1987 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 22 मैच की 35 पारियों में 44.27 की औसत से 1,284 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 8 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 146* रन रहा था।

वीरेंद्र सहवाग इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। भारत का यह पूर्व दिग्गज बल्लेबाज साल 2004 में पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने उतरा था। आखिरी बार वह 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ कोई टेस्ट मैच खेले थे। सहवाग ने 9 टेस्ट की 14 पारियों में 91.14 की औसत से 1,276 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 4 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 309 रन रहा था।

## एक नजर

### डा.विष्णु कुकरेती को मिला स्मृति सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः प्रथम डीलिट् डा.पीतांबर दत्त बड़थ्वाल की 125 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद् डा.विष्णु कुकरेती को गोदावरी देवी प्रसाद कोठारी स्मृति सम्मान दिया गया।

डूसमथिंग सोसाइटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, प्रकाश चंद्र कोठारी, रिपुदमन सिंह बिष्ट, डा.अनुराग शर्मा, चंद्र प्रकाश नैथानी ने डा.पीतांबर दत्त बड़थ्वाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि डा.बड़थ्वाल उत्तराखंड के गौरव थे। उनकी रचनाएं सहित्य क्षेत्र में अनंत काल तक साहित्यकारों को प्रेरित और मार्गदर्शन करती रहेगी। कहा कि युवाओं को ऐसे महापुरुषों द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कायी के लिए शिक्षाविद् डा.विष्णु दत्त कुकरेती को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मयंक प्रकाश कोठारी, शिव प्रकाश कुकरेती, विपिन जदली, सुनीता नैथानी, ज्योति कुलाश्री, बुद्धिबल्लभ ध्यानी, राजेंद्र प्रसाद बिष्ट, रोहित रावत, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन शशिभूषण अमोली ने किया।

### प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खच्चरवाडी रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः संकुल केंद्र बरस्वार की संकुल स्तरीय निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दौरान हिंदी एवं गणित विषय पर आधारित प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खच्चरवाड़ी के छात्र ईशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौलीखेत में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी एवं गणित विषय पर आधारित प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खच्चरवाड़ी के छात्र ईशांत ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय जड़ियाना की महक ने द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौलीखेत की सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को कई नई जानकारियां मिलती हैं। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक चंद्रमोहन मोहन सिंह रावत, सीआरपी जाह्नवी ध्यानी मौजूद रहे।

### विद्या मंदिर छात्रों ने मनेरी भाली परियोजना का भ्रमण किया

नई टिहरी। सरस्वती विद्या मंदिर कंडीसौड़ छाम के 70 विद्यार्थियों को शैक्षिक व आध्यात्मिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण में आधुनिक भारत के विकास के प्रतीक जल विद्युत परियोजनाओं की जानकारी के साथ ही देव संस्कृति से अवगत कराया। विद्या मंदिर के छात्र–छात्राओं को उत्तरकाशी जिले की मनेरी भाली जल विद्युत परियोजना के धरासू पावर हाउस का भ्रमण कराया गया। अधिशासी अभियंता यशपाल मेहर ने हाइड्रो प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली, पानी से टरबाइनों को चलाना व विद्युत उत्पादन, नियंत्रण कक्ष से विधुत को ग्रिड में भेजने तक की जानकारी दी गई। छात्रों को प्रेरित किया कि किस तरह वह अच्छी संस्कारित शिक्षा ग्रहण कर देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। भ्रमण के द्वितीय चरण में छात्र नागराजा मंदिर चिन्यालीसौड़ पहुंचे। जहां संस्कृति, देवभूमि की महिमा को जानने व आध्यात्मिक रुप से अपने कुलदेवता से जुड़ने की जानकारी दी गई। स्वच्छ वन क्षेत्र में स्थित श्री नागराजा मंदिर में छात्रों को वनों के महत्व व पर्यावरण संरक्षण से रूबरू कराया।

### शिक्षकों को मुर्गा कहने पर जताई आपत्ति

टिहरी। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षा शिक्षक संघ टिहरी गढ़वाल की बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रवीर नेगी की अध्यक्षता में विकासखंड कीर्ति नगर में हुई। बैठक में तहसील दिवस में शिक्षकों को आपत्तिजनक शब्द कहे जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार सार्वजनिक स्थान पर ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाना जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य नहीं है। इस तरह शिक्षकों का अपमान किया गया है। जिसका की संगठन घोर विरोध करता है। यदि इस शब्द को सम्बंधित द्वारा वापस नहीं लिया और माफी नहीं मांगी, तो सभी शिक्षक संगठन इसका विरोध एवं आंदोलन करेंगे। साथ ही संगठन के सदस्यों के ने जिलाधिकारी के आदेश 8 किलोमीटर की परिधि में निवास करने की संबंध में कहा गया कि यह केवल शिक्षकों पर लागू होता है या अन्य विभागों पर भी। जिस नियम का हवाला दिया जा रहा है। 1981 उस समय का है।

# मार्ग निर्माण के लिए सड़क पर उतरा जनसैलाब, हाईवे पर बैठकर धरना

### लालढांग- चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण के लिए निकली आक्रोश रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर शहर में आक्रोश रैली निकाली गई। सड़क पर उतरे जनसैलाब ने सरकार से जल्द से जल्द मार्ग निर्माण करने की मांग उठाई। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी सरकार समस्या को लेकर लापरवाह बनी हुई है। इस दौरान लोगों ने झंडाचौक में सड़क पर बैठकर शासन–प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि जब तक मार्ग का निर्माण नहीं होगा लोग अपने मत का उपयोग भी नहीं करेंगे।

मालूम हो कि लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर पिछले कई माह से चिलरखाल में धरना चल रहा है। इससे पूर्व लोगों ने देहरादून में भी मुख्यमंत्री आवास घेरवा किया था। बावजूद सरकार से कोई आश्वासन नहीं मिलने से नाराज लोगों ने रविवार को शहर में आक्रोश रैली निकाली। सुबह करीब 11 बजे लोग देवी रोड में एकत्रित हुए इसके बाद जुलूस के रूप में देवी रोड, नजीबाबाद रोड होते हुए झंडाचौक में पहुंचे। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर आंदोलन की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि वह पिछले कई माह से मार्ग निर्माण की मांग उठा रहे हैं। बावजूद सरकार उनके आंदोलन को लेकर लापरवाह बनी है। कहा कि लालढांग–चिलरखाल वन मोटर मार्ग पर विगत कई दशकों से यातायात संचालन होता रहा है। लेकिन, वर्तमान में मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य बंद हो है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द से जल्द मार्ग निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर प्रवीण थापा, राजाराम अण्थ्वाल,मदन सिंह नेगी, रवींद्र सौंद, राम कंडवाल, हेमा नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार झंडाचौक में मार्ग निर्माण को लेकर धरना देते लोग

### पिंजरे में कैद हुआ बाघ, मिली राहत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कॉर्बेट टाइगर रिजर्व(केटीआर) से सटे जयहरीखाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमलेसा के तोक गांव डाल्यूंगाज और इससे सटे सिरोबाड़ी गांवों में बीते पांच दिसंबर से दहशत का पर्याय बने बाघ को वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज कर पिंजरे में कैद कर लिया है।

कॉर्बेट के पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत कुमार के नेतृत्व में एसओजी व रेस्क्यू टीम क्षेत्र बीते दो दिन से उसकी निरंतर निगरानी कर रही थी। केटीआर के प्लेन रेंज के रेंजर अमोल इष्टवाल ने इसकी पुष्टि की है।रविवार तड़के करीब तीन बजे टीम ने सिरोबाड़ी गांव में उसे ट्रैंकुलाइज करने में सफलता हासिल की। इसके बाद उसे पिंजरे में कैद कर कॉर्बेट के ढेला रेंज ले जाया गया है। बाघ के पकड़े जाने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।ग्राम पंचायत अमलेसा के तोक गांव डाल्यूंगाज में विगत पांच दिसंबर को चारा पत्ती काट रही उर्मिला देवी (60) पर बाघ ने हमलाकर मार डाला था। घटना के बाद से बाघ लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। हालांकि क्षेत्र में गुलदार भी सक्रिय हैं, लेकिन इस बाघ की सक्रियता से लोग दहशतजदा थे। सेंधी की प्रधान निर्मला रावत, पूर्व प्रधान भगत सिंह, अमलेसा के प्रधान गजेंद्र सिंह पुंडीर का कहना है कि क्षेत्र में कई गुलदार और बाघ सक्रिय हो सकते हैं।



## शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः वैश्य अग्रवाल सभा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मागी से होते हुए गोविंद नगर स्थित एक बारातघर में संपन्न हुई।

नजीबाबाद रोड स्थित एक वैडिंग प्वाइंट से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, उद्योगपति अनिल कंसल, विनोद सिंघल, श्रीकृष्ण कंसल, सुबोध गर्ग व राकेश गर्ग ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक महापुरूष थे, जिन्होंने समाज को आपसी भाईचारा व एकता का संदेश दिया। कहा कि समाज के सभी लोगों को महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। शोभायात्रा बैंडबाजों व संगीत की मधुर आवाज के साथ आगे बढ़ रही थी। शोभायात्रा में अग्रवंश के 18 गोत्रों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा शोभायात्रा में कुलदेवी आराध्या महालक्ष्मी की झांकी भी आकर्षक रूप से सजाई गई थी। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने डांडिया नृत्य सहित अन्य करतब भी दिखाए। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों के दोनो तरफ खूब भीड़ देखी गई। सड़कों पर खड़े लोग झांकियों पर पुष्पवर्षा भी कर रहे थे। इस मौके पर नरेंद्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, जीवन जैन, महेश गोयल, प्रदीप अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, शुभम आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में लिप्त वाहनों के विरुद्ध की कार्रवाई

नई टिहरी। डीएम नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में एसडीएम मंजू राजपूत ने अवैध खनन के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। जिसके तहत तहसील स्तरीय गठित राजस्व विभाग की टीम ने चौरास के अलग–अलग स्थान पर रेत पत्थर से भरे वाहनों की जांच की। इस जांच में दो पिकअप, एक छोटा हाथी तथा एक डंपर (6 टायर वाला) वाहन बिना अनुमति के अवैध खनन सामग्री के परिवहन करते हुए पकड़े गए।

### सशक्त बन देश उत्थान में सहयोग दें नारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्त बन देश की तरक्की में योगदान के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं ने घोष बनाकर किया। अंग्रेजी प्रवक्ता ममता रावत ने अतिथियों का परिचय करवाया और उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा. चंदिका जखमोला (संगीत शास्त्र), डा. अनुराधा उपाध्याय त्यागी (दंतचिकित्सक) व सरोजनी कुकरेती ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बलिदानी मंदीप रावत, गौतम कुमार, जितेंद्र जुयाल की माता को सम्मानित किया गया। जयंती बौंठियाल ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में हर रोज कुछ नया सीखना चाहिए। इससे उन्हें आगे बढ़ने में काफी मदद मिलेगी। डा.अनुराधा उपाध्याय त्योगी ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। इस मौके पर सरोजनी कुकरेती, मोनिका भंडारी आदि मौजूद रहे।

# शहर के बेहतर विकास को कार्य कर रहा नगर निगम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 31 में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में महापौर ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। कहा कि शहर के बेहतर विकास के लिए नगर निगम गंभीरता से कार्य कर रहा है। ऐसे में जनता को भी सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए निगम का सहयोग करना चाहिए।

वार्ड नंबर 31 उमरावनगर कालोनी में वार्डवासियों की समस्याएं सुनते हुए महापौर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के बेहतर विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। धीरे-धीरे व्यवस्थाओं को बेहतर बनाकर जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में लोगों ने बोर्ड बैठक में प्रस्तावित कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए भी महापौर को सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि जनता किसी भी समस्या के निराकरण के लिए सीधे उनसे संपर्क कर सकती है। हर समस्या का समय पर निराकरण किया जाएगा। इस दौरान महापौर ने यूके ड्राइव नामक एप बनाने वाले क्षेत्र के युवाओं को भी सम्मानित किया। कहा कि इस एप के माध्यम से लोगों को आवागम में सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर पार्षद सौरभ नौटियाल, मनमोहन चौहान, दीपक खत्री, अभिषेक नेगी, अभय डबराल, अनिल नेगी, जगमोहन रावत, कैलाशचंद्र बलोधी, पंकज नेगी, हरीश जोशी, विमला शुक्ला, गुड्डी गुसाईं, मीनाक्षी जुयाल, प्रकाशचंद्र देवरानी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के वार्ड नंबर 31 में क्षेत्रीय जन का अभिवादन करते महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

# डा.सुरेश कुमार को अमेरिका से मिली मानद उपाधि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तैनात शिक्षक डा.सुरेश कुमार को सेंटर यूनिवर्सिटी आफ अमेरिका (बोलीविया) ने डाक्टर आफ साइंस (डीएससी) मानद उपाधि उपाधि दी है। शिक्षक की इस उपलब्धी का महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने स्वागत किया। भारत व अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्क्रीनिंग समिति के माध्यम से डा.सुरेश कुमार के नाम का चयन किया था। डा.सुरेश कुमार ने बताया कि उन्हें यह उपाधि रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 25 वर्षों से शोध कार्यों, अध्यापन कार्य के लिए दिया गया। सम्मान मिलने के बाद महाविद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डा.डीएस नेगी ने डा.सुरेश कुमार को उपाधि मिलने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने अपने हाथों से डा.सुरेश को सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष अभिषेक गोयल, डा.रंजना सिंह, डा.जितेंद्र दिवाकर, डा.भुवनेश कुमार, डा.देवेंद्र सिंह, बसंतिका कश्यप, डा.आशा देवी, अभिषेक गोयल, राखी डिमरी, रमेश सिंह चौहान, प्रीति रानी, आदेश कुमार, प्रवीण जोशी, संदीप कुमार, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में डा.सुरेश कुमार को सम्मान देते प्राचार्य डा.डीएस नेगी

### कोटद्वार में खेल महोत्सव नहीं करवाने पर नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोटद्वार स्पोर्टस क्लब ने गाड़ीघाट स्थित राजकीय स्टेडियम की स्थिति में सुधार करने की मांग की है। कहा कि स्टेडियम में पर्याप्त कोच नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कोटद्वार में खेल महोत्सव नहीं होने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। इस संबंध में क्लब के सचिव अतुल भट्ट ने सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन भेजा। बताया कि वर्तमान में कई बड़े शहरों में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन, कोटद्वार की अनदेखी की गई है। ऐसे में कोटद्वार क्षेत्र के खिलाड़ियों में मायूसी है। बताया कि कोटद्वार स्टेडियम की चौड़ाई कम होने से यहां फुटबाल सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहतर तरीके से नहीं हो पाता। ऐसे में पुश्तों का निर्माण कर चौड़ाई को बढ़ाया जाना चाहिए। कहा कि स्टेडियम का भवन लगभग तीस वर्ष पुराना हो चुका है। ऐसे में इसे तोड़कर नए भवन का निर्माण करवाया जाना चाहिए।

# प्रशिक्षण शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज किनसुर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

विद्यालय प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में समग्र शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकार, सामाजिक संपरीक्षा सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में संदर्भदाता रुपेश कुकरेती व संकुल समन्वयक सतीश चंद्र ने एसएमसी, एसएमडीसी के गठन व उद्देश्य, पीएम पोषण योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्वच्छता व बाल स्वास्थ्य, बालिका शिक्षा कार्यक्रम, आपदा प्रबंधन, समावेशी शिक्षा, साइबर क्राइम, बाल वाटिका, निपुण भारत, मिशन कोशिश, प्रतिभा दिवस, कौशलम, पीएम श्री विद्यालय, दीक्षा पोर्टल, बाल सखा कार्यक्रम, सुपर 100 कार्यक्रम, विज्ञान महोत्सव, इंस्पायर अवार्ड,कला उत्सव, वर्चुअल क्लास रुम, विद्यांजलि, यू डाइस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पूर्व ग्राम प्रधान दीपचंद्र शाह, राहुल लखेड़ा, रजनी देवी, वीरेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह रावत, जितेंद्र रावत, महेंद्र सिंह राणा, मनोज नेगी, रूपेश कुकरेती, सतीश चंद्र, संजय कुमार, मौजूद रहे।

# पासिंग आउट कर सेना के अंग बने रोहित ध्यानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः नैनीडांडा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम उड़ाखेत-डूंगरी निवासी रोहित ध्यानी भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड कर भारतीय सेना का अंग बने हैं। रोहित ध्यानी की इस सफलता पर उनके अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है।

देहरादून में आईएमए की पासिंग आउट परेड के बाद रोहित ध्यानी भारतीय सेना के अंग बने। रोहित के पिता कांता प्रसाद ध्यानी भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक काशीपुर में अपने सेवाएं दे रहे हैं। जबकि, माता कुसुम ध्यानी एक निजी विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत है। रोहित के बड़े भाई रजत ध्यानी भी भारतीय रक्षा अकादमी से निकले और वर्तमान में 24 मराठा रेजिमेंट में कप्तान पद पर तैनात हैं। रोहित ने कक्षा पांच तक की पढ़ाई केंद्रीय विश्वविद्यालय बड़कोट से की। इसके बाद कक्षा छह से 12–वीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल घोड़ाखाल नैनीताल की की।

12वीं परीक्षा पास करने के बाद उनका चयन एनडीए में हो गया था। इसके बाद आईएमए में प्रशिक्षण लेकर वे शनिवार को सेना का हिस्सा बन गए। रोहित की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष की लहर है।

# बच्चों ने स्वयं निर्मित प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर दिखाई वैज्ञानिक सोच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पदमपुर सुखरो कोटद्वार स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में एक दिवसीय प्रोजेक्ट कार्य आधारित बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में विकासखंड दुगड्डा के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों ने गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय पर स्वयं निर्मित प्रोजेक्ट कार्य और मॉडल प्रस्तुत किए।

शिक्षक प्रकाश चौधरी, पंकज वरण चंदोला और सुरेंद्र सिंह ने विज्ञान, देवेंद्र रावत, दीपशिखा रावत और इंगिता नेगी ने गणित तथा मुकेश रावत, मुकेश मनराल और ओमप्रकाश तिवारी ने सामाजिक विज्ञान विषय के मॉडल का मूल्यांकन करके बच्चों के विषय ज्ञान को परखा। कार्यक्रम के नोडल समन्वयक अरुण कुकरेती एवं रविंद्र मंजेड़ा रहे । प्रोजेक्ट मूल्यांकन के आधार पर सामाजिक विज्ञान में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर की सुहाना ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक नगर क्षेत्र कोटद्वार के छात्र ललित ने द्वितीय एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिम्मलचौड़ के छात्र शिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित विषय में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका नगर क्षेत्र कोटद्वार की कुमारी जनेश्वरी ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरेला की कुमारी दिव्यांशी ने द्वितीय तथा राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर के छात्र मोहम्मद उसामा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान विषय में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरेला की कुमारी साक्षी ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भदालीखाल के रुद्राक्ष ने द्वितीय एवं इंटर कॉलेज पोखरी अजमेर के छात्र प्रिंस तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुर की कुमारी सृष्टि जखमोला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। विजेता छात्र छात्राएं आगामी 19 दिसंबर को जनपद स्तरीय बाल मेले में पौड़ी मुख्यालय में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर शिक्षक बिपिन चौहान, सुधीर अग्रवाल, उमेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र प्रकाश पंत, विमल किशोर, आभा बडोला, नमिता बुड़ाकोटी, सुधा रावत, संगीता तोमर और जागृति कुकरेती आदि उपस्थित रहे।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

# रुद्रप्रयाग में दहशत फैलाने वाला गुलदार पिंजरे में कैद

रुद्रप्रयाग। जिला पंचायत क्षेत्र सारी में लंबे समय से दहशत का पर्याय बने गुलदार को आखिरकार वन विभाग ने पकड़ लिया है। शनिवार शाम को जौंदला गांव के समीप लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हुआ, जिसके बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। पकड़े गए गुलदार को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्यालसौड़ ले जाया गया है, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। बता दें कि बीते दिनों पाली गांव में गुलदार द्वारा एक व्यक्ति को निवाला बनाने की घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और लगातार वन विभाग से गुलदार को पकड़ने तथा उसे मारने की मांग की जा रही थी। लोगों का कहना था कि गुलदार की मौजूदगी से बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं की जान पर खतरा बना हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में कई स्थानों पर पिंजरे लगाए, नियमित गश्त बढ़ाई और सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी शुरू की। कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को जौंदला गांव के पास लगाए गए पिंजरे में गुलदार फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी रेंज अगस्त्यमुनि हरिशंकर रावत ने गुलदार के पकड़े जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि गुलदार पूरी तरह सुरक्षित है और उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई तय की जाएगी, जिसमें उसे रेस्क्यू सेंटर या सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजे जाने पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं जिला पंचायत सदस्य सारी जयवर्धन काण्डपाल ने गुलदार के पकड़े जाने को क्षेत्र के लिए तत्कालिक राहत बताया।

उन्होंने कहा कि हालांकि गुलदार पकड़े जाने से लोगों में कुछ हद तक भय कम हुआ है, लेकिन ग्रामीणों को अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आशंका जताई कि क्षेत्र में अन्य गुलदार की मौजूदगी से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए वन विभाग को निगरानी और गश्त जारी रखनी चाहिए।



### शिविर में किया 80 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय के थत्यूड़ स्थित रामलीला मैदान में जय सिद्धांत अस्पताल देहरादून के द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 80 ग्रामीणों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा वितरित की। क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने शिविर का शुभारंभ कर अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया। कहा कि इस तरह के शिविर लगने से ग्रामीणों को आसानी से इलाज मिल जाता है। अस्पताल के चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सर्दियों में रोगों से बचाव के उपाय बताए। कहा कि गर्म पानी का सेवन करने के साथ ही गर्म वस्त्र पहनें। बताया कि ठंड के कारण व्यक्ति कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है।

# रुद्रप्रयाग के भैंस गांव में चक्रव्यूह में उमड़े लोग

रुद्रप्रयाग। तल्लानागपुर क्षेत्र के भैसगांव में चल रहे पांडव नृत्य में रविवार को चक्रव्यूह का मंचन का आयोजन किया। सातवें द्वार पर अभिमन्यु छल कपट से वीरगति को प्राप्त होने का दृश्य देखकर उपस्थित सैकडों दर्शक भाव विभोर हो गए। कुछ देर के लिए क्षेत्र का वातावरण शांत हो गया। चक्रव्यूह मंचन में सभी पात्रों ने बेहतर अभिनय किया। चक्रव्यूह देखने के लिए दूर दराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में दर्शक पहुंचे हुए थे। तल्लानागपुर क्षेत्र के भैंसगांव में पिछले दस दिनों से चल रहे पांडव नृत्य के 11वें चक्रव्यूह मंचन का आयोजन किया गया। जिसमें कौरवों की ओर से वीर अभिमन्यु को छल से मारने का मार्मिक मंचन स्थानीय कलाकरों की ओर किया गया। चक्रव्यूक का मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी ने रिबन काटकर किया। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी संस्कृति की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है। आने वाली पीढ़ी को इसे संजोकर रखकर आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न मांगें हल करने का आश्वासन दिया। कहा कि गांव में पैदल रास्ते के लिए इंटर लाक टायल के लिए खनन न्यास में प्रस्तावित है। जिसे आगामी बैठक में स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गैरसैंण में सत्यापन अभियान चला कर 63 हजार का जुर्माना वसूला

चमोली। थाना अध्यक्ष गैरसैंण के नेतृत्व में रविवार को नगर क्षेत्र में किरायेदारों का सघन सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने तीन टीमों का गठन कर नगर के विभिन्न घरों में जाकर किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों और श्रमिकों का गहन सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि कई श्रमिक बिना पुलिस सत्यापन के ही किराये के मकानों में रह रहे थे। इस पर पुलिस द्वारा उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत 15 चालान किए गए, जिन पर कुल 3,750 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस अधिनियम की धारा 83 के अंतर्गत पांच मामलों में चालान कर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया और संबंधित मामलों को न्यायालय भेजा ग। वहीं, दो अन्य चालानों में 10,000 रुपये की राशि मौके पर ही वसूली गई। थाना अध्यक्ष गैरसैंण मनोज सिरौला ने सभी मकान मालिकों को निर्देशित किया कि वे अपने किरायेदारों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं। सत्यापन अभियान के दौरान चौकी प्रभारी मेहलचौंरी बिशन लाल, उपनिरीक्षक सुमित खुगशाल सहित पुलिस और होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

### गोपेश्वर में पुलिस कर रही संदिग्ध लोगों का सत्यापन

चमोली। जनपद में कानून–व्यवस्था को, अधिक सुदृढ़ बनाने और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार के निर्देश पर बाहरी व्यक्तियों, किराएदारों, संदिग्ध लोगों के विरुद्ध सघन सत्यापन और चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। इस अभियान के तहत रविवार को सुबह से ही जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें सक्रिय रहीं। घर–घर और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर चेकिंग की। पुलिस द्वारा किराएदारों, बाहरी व्यक्तियों, मजदूरों, कर्मचारियों और संदिग्ध व्यक्तियों का गहन सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों के पहचान पत्रों की जांच, पते की पुष्टि और आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने स्पष्ट किया कि सत्यापन अभियान में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों, होटलों, ढाबों और अन्य प्रतिष्ठानों में रह रहे किराएदारों, कर्मचारियों और बाहरी व्यक्तियों का समय रहते अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं।

### क्रिसमस–न्यू ईयर के लिए एडवांस बुकिंग तेज

चमोली। बर्फबारी के मौसम में उत्तराखंड के पहाड़ों पर गुनगुनी धूप और नीले आसमान के बीच पर्यटन स्थलों का रोमांच देखते ही बन रहा है। क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। औली सहित चमोली जिले के अन्य खूबसूरत पर्यटन स्थलों के अधिकांश होटल और रिसॉर्ट्स में या तो एडवांस बुकिंग फुल हो चुकी है या फिर लगातार बुकिंग जारी है। औली के साथ ही जिले के सुदूर और सुंदर गांवों में संचालित होम–स्टे भी क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए तेजी से बुक हो रहे हैं। पर्यटन से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि इस बार भी बड़ी संख्या में पर्यटक नए साल का जश्न मनाने चमोली पहुंचेंगे, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चमोली के जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि औली स्थित रिसॉर्ट में 14 दिसंबर से 5 जनवरी तक सभी कमरे बुक हो चुके हैं। कुछ रिसॉर्ट में 20 दिसंबर से 3 जनवरी तक अग्रिम बुकिंग पूरी तरह फुल है। अन्य होटलों और रिसॉर्ट्स में भी 35 से 70 प्रतिशत तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) के औली और जोशीमठ स्थित अतिथि गृहों और होटलों में भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों ने एडवांस बुकिंग कराई है।

### पोक्सो एक्ट में दोषी को 20 वर्ष का कारावास

चमोली। विशेष सत्र न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू को पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दोषी करार दिया है। दोषी को 20 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतने का भी प्रावधान किया गया है। कोर्ट में राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू और अन्य आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा विचाराधीन था। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश विंध्यांचल सिंह, जिला चमोली (गोपेश्वर) की अदालत में हुई।

## कर्मयोगी कार्यशाला में कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर

नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में शिक्षण व गैरशिक्षण कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक प्रो कुलदीप शर्मा व डॉ विजय दाधीच ने कार्मिकों को बताया कि अपने कार्य को नई दृष्टि से कैसे देखना है, जिससे वह विकसित भारत के लक्ष्य में सफल हो पाएं। राष्ट्रीय कर्मयोगी (व्यापक क्षेत्र का जनसेवा कार्यक्रम) प्रशिक्षण नामक इस कार्यक्रम में प्रो कुलदीप शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों के मन में सेवा भाव की जागृति व हित धारकों में सरकारी सेवा के प्रति विश्वास व सकारात्मक भाव उत्पन्न करना उद्देश्य है। प्रो शर्मा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐसी कार्यशालाएं अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से सभी



परिसरों में ये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। डॉ विजय दाधीच ने बताया कि इस कार्यक्रम से कार्मिकों की क्षमता और सोच में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। निदेशक प्रो पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा कि समय–समय पर ऐसे कार्यक्रमों का होना कार्मिकों की क्षमता में अभिवृद्धि करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला में अध्यापकों और कर्मचारियों ने विभिन्न टीमों के माध्यम से अपनी संकल्पनाएं और योजनाएं बताई। कार्य शाला में प्रो महेश झा, डॉ शैलेंद्र नारायण कोटियाल, डॉ सूर्यमणि भंडारी, डॉ अरविंद सिंह गौर, डॉ रितेशा, डॉ ब्रह्मानंद मिश्रा आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 600 मामलों का निस्तारण

टिहरी। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायालय सहित विभिन्न कोर्ट में 600 से अधिक वादों का निस्तारण 2 करोड़ 46 लाख 54 हजार 956 रूपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किया गया है। जिसमें एनआई एक्ट, फौजदारी, मोटर प्रतिकर सहित विभिन्न एक्ट के केस शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने बताया गया कि जिला जज अमित कुमार सिरोही की अध्यक्षता में गठित 9 बेंचों ने राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारित किए। जिला न्यायाधीश की बेंच ने 14 वादों का निस्तारण 11 लाख 16 हजार रूपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किए। वही एडीजे नसीम अहमद की बेंच ने 9 वादों का निस्तारण 27 लाख 50 हजार रूपये, सीजेएम मोहम्मद याकूब की बेंच ने 95 वादों का निस्तारण 23 लाख 74 हजार 838 रूपये, सीनियर सिविल जज आफिया मतीन की बेंच ने 58 वादों का निस्तारण 85 लाख 74 हजार 92 रूपये अपर सीनियर सिविल जज मिथिलेश पांड्ेय की बेंच ने 58 वादों का निस्तारण 8 लाख 90 हजार 105 रूपये, सिविल जज जूनियर डिवीजन कुलदीप नारायण की बेंच ने 61 वादों का निस्तारण 29 लाख 73 हजार 760 रूपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किए। वही वाह्य न्यायालय सिविल जज नरेन्द्रनगर श्रेय गुप्ता की बेंच ने 214 वादों का 15 लाख 12 हजार 532 रूपये, सिविल जज कीर्तिनगर चेतन सिंह गौतम की बेंच ने 7 वादों का निस्तारण 5 लाख 95 हजार रूपये, सिविल जज प्रतापनगर अस्मिता चौहान की बेंच ने एक वाद का निस्तारण सहित प्री–लिटिगेशन स्तर पर कुल 83 वादों का निस्तारण 62 लाख 43 हजार 467 रूपये की धनराशि के सुलह समझौते पर किया गया।

## किसानों की आजीविका को नई दिशा एक महत्वपूर्ण कदम

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र ने हिमालयी क्षेत्र के किसानों की आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजना के तहत हैप्रेक ने चमोली जिले के सीतेल, नन्दानगर स्थित नेचर ऑर्गेनिक सोसाइटी के साथ मिलकर एक विशेष समिट सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और स्थानीय किसानों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। हैप्रेक के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित ने बताया कि एक दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाना था। विशेष रूप से उन किसानों के लिए जो औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती और व्यापार से जुड़े हैं। मुख्य लक्ष्य किसानों को संगठित करना और उनकी उपज को सही मंच प्रदान करना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल ने बताया कि एफपीओ के माध्यम से किसानों के साथ वैज्ञानिक खेती, फसल कटाई के बाद प्रबंधन, बाजार संपर्क आदि विषयों पर चर्चा की गई। बताया कि सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि हैप्रेक और नेचर ऑर्गेनिक सोसाइटी के बीच बनी सहमति रही। बताया कि एफपीओ के तहत किसानों को खेती की उन्नत और वैज्ञानिक विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री बीज व पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे फसल की पैदावार बेहतर हो सके। बताया कि यह पहल उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है। मौके पर प्रगतिशील किसान बसंती देवी, हुकुम सिंह, पुष्कर सिंह, डॉ. राजीव वशिष्ट, डॉ. जयदेव चौहान, डॉ. प्रदीप डोभाल, कैलाश काण्डपाल आदि मौजूद थे।

## 212 आरोग्य मंदिरों में चलेगा संपूर्ण परीक्षण शिविर

नई टिहरी। जिले के 212 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य विभाग संपूर्ण परीक्षण शिविर संचालित करेगा। जिससे गांव में ही लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। खासकर गर्भवती और धात्री महिलाओं की रूटीन चेकअप, टीकाकरण और अन्य आवश्यक जांच के लिए यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। 1 जनवरी 2026 से इसकी शुरुआत की जाएगी।

इसके अलावा जिला अस्पताल सहित 67 अस्पतालों में भी यह शिविर लगाए जाएंगे। सीएमओ डा. श्याम विजय ने बताया कि गांव और निकटवर्ती स्थानों पर ही गर्भवती व धात्री महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 जनवरी से स्वास्थ्य विभाग वृहद संपूर्ण परीक्षण शिविर शुरू करने जा रहा है। जिसमें 212 आरोग्य मंदिरों के अलावा जिला और उप जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं। इन शिविर में रक्त और यूरिन परीक्षण की भी सुविधा मिलेगी। प्रत्येक आरोग्य मंदिर में एक–एक डॉक्टर, सीएचओ, एएनएम के अलावा एक लैब टेक्नीशियन भी रहेगा। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवा, संसाधन और उपकरण संबंधित केंद्र को उपलब्ध कराए जांएगे। सीएमओ ने बताया कि प्रेग्नेंसी संबंधित 7 आवश्यक जांचें भी इन शिविर में कराई जाएंगी। इससे लोगों को अपने घर के पास ही सारी स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल जाएंगे। बताया कि सीएमओ सहित एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ सभी इसकी नियमित अनुश्रवण करेंगे।

### मां नंदा की विदाई पर 25 दिसंबर को देवराडा में भव्य मेला

चमोली। मां नंदा की विदाई के अवसर पर 25 दिसंबर को देवराडा स्थित नंदा देवी मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। नंदा देवी मंदिर समिति बधाण के अध्यक्ष पंडित भुवन चंद्र हटवाल ने बताया कि 14 दिसंबर को आयोजित मंदिर समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से मां नंदा देवी मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला मंगल दल, लोक कलाकार और स्थानीय सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रात्रि में जागरण और भजन संध्या का आयोजन होगा। 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे से मां नंदा की विदाई की विधिवत तैयारियां शुरू की जाएंगी।

## एसआईआर के नाम पर कांग्रेस जनता में फैला रही भ्रमः भाजपा

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित भाजपा की बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। कहा कि एसआईआर से उद्देश्य मतदाता सूची की खामियों को दूर करना है। कहा बड़ी संख्या में ऐसे भी मतदाता शामिल है,जिनकी मृत्यु हो चुकी है या दूसरे स्थानों पर भी वोटर बने हैं। इसकी पहचान लिए आयोग ने अभियान चलाया हुआ है। रविवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता आम नागरिकों को मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण अभियान के बारे में सरल शब्दों में समझाएं और पार्टी की रीति नीति से अवगत कराने का कार्य करें। कहा कि कांग्रेस एसआईआर के नाम पर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि



एसआईआर मतदाताओं की सही पहचान करने के लिए कराया जा रहा है। कहा कि 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। जिन लोगों और परिजनों के नाम मतदाता सूची में होंगे उनके नाम जोड़े जाएंगे। कहा कि हर कार्यकर्ता को इसकी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही इसकी जानकारी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि पार्टी के जो पदाधिकारी बनाए गए है,वह अपनी जिम्मेदारियां का सही ढंग से निर्वहन करें।

## डीएम मौजूदगी में हुई शीतकालीन यात्रा की तैयारियों की वर्चुअल बैठक

नई टिहरी। शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर डीएम नितिका खंडेवाल की मौजूदगी में वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। जिसमें शीतकालीन यात्रा के लिए अधिक से अधिक प्रचार करने और चारधाम यात्रा स्थलों व मार्गों के होटल स्वामियों व सम्बंधित व्यवसायियों से सुविधाओं को लेकर जायजा लेते हुए सुविधायें मुहैया करने पर विचार हुआ।

बैठक में सभी को सड़कों की मरम्मत करने, पाला ग्रस्त व बर्फवारी क्षेत्र में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण व अनिवार्य वस्तुयें की व्यवस्था समय पर करने को कहा। निर्देश दिए कि शीतकालीन यात्रा को लेकर जनपद में यह बड़े कार्यक्रम का आयोजन करने पर चर्चा हुई। जिसमें जिले की बड़ी शख्सियत, महानुभावों, प्रवासियों को बुलाकर विचार मंथन करने का भी निर्णय हुआ। डीएम नितिका खण्डेलवाल ने



जनपद अन्तर्गत विभिन्न पर्यटन गतिविधियों, खेलो राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, गंगा आरती जैसे गतिविधियों को साझा किया। बताया कि आगामी 27 से 30 जनवरी के बीच टिहरी में एग्रो–फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतापनगर राजमहल को पर्यटन के लिए संजोया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ वरुणा अग्रवाल, डीएफओ पुनीत तोमर, एसई लोनिवि एस नेगी, जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा आदि मौजूद रहे।

### सिनाऊंतल्ला में घास लेने गई महिला पर भालू ने हमला किया

चमोली। चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के सिनाऊंतल्ला गांव में भालू ने रविवार को अचानक हमला कर एक महिला को घायल कर दिया। पोखरी विकासखंड के सिनाऊं पल्ला के प्रधान तेजपाल रावत की पत्नी सरोजनी देवी रविवार को सुबह घास के लिए जंगल गई थीं। अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। सरोजनी देवी के सिर में भालू ने नाखून से हमला किया है। ग्रामीण के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए जहां उपचार किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी ने कहा वन विभाग की टीम गश्त पर लगी हुई है। भालू से घायल महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। ग्राम प्रधान तेजपाल रावत ने कहा वन विभाग को जल्द भालू का मारने के आदेश जारी करना चाहिए।

## बाल प्रतिभा सम्मान समारोह में 200 छात्र–छात्राएं सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में रविवार को 27वां बाल प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 200 मेधावी छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ–साथ पत्रकारिता एवं समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को भी आदर्श उत्कृष्ट शिक्षक शिरोमणि सम्मान एवं आदर्श उत्कृष्ट पत्रकारिता शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया। राज्यपाल पुरस्कार एवं विभिन्न राष्ट्रीय सम्मानोपाधियों से सम्मानित, गढ़वाल मंडलीय नशा उन्मूलन नोडल अधिकारी तथा राजकीय इंटर कॉलेज सुमाड़ी में कार्यरत डॉ. अखिलेश चन्द्र चमोला द्वारा आयोजित 27वां बाल प्रतिभा सम्मान समारोह प्रत्येक वर्ष की भांति ग्रामीण अंचलों में अध्ययनरत मेधावी छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ओएनजीसी के पूर्व महाप्रबंधक डीएस भंडारी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए ऐसे आयोजन शिक्षा जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कहा कि विद्यार्थियों को सबसे पहले स्वयं की देखभाल करना सीखना चाहिए। उत्तराखण्ड लोकायुक्त के पूर्व अपर सचिव जीवन चंद्र उप्रेती ने कहा कि बाल प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ–साथ नशा उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## अवैध रूप से खनन सामग्री ले जा रहे वाहनों के काटे चालान

श्रीनगर गढ़वाल। अलकनंदा नदी में हो रहे अवैध खनन को लेकर कीर्तिनगर तहसील प्रशासन ने कड़ी कार्यवाही की है।अवैध रूप से खनन सामग्री परिवहन कर रहे चार वाहनों का राजस्व विभाग ने चालान किया है। उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने बताया कि शनिवार को तहसील स्तरीय राजस्व विभाग की गठित टीम द्वारा चौरास क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। चौरास के विभिन्न स्थानों पर रेत, बजरी और पत्थरों से भरे वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना अनुमति अवैध खनन सामग्री का परिवहन करते हुए दो



पिकअप वाहन, एक छोटा हाथी तथा एक छह टायर वाला डंपर पकड़ा गया। बताया कि सभी वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई अमल में लाई गई।अभियान के दौरान अवैध रूप से रेत, बजरी एवं पत्थर ढो रहे घोड़ा–खच्चरों को भी मौके पर रोका गया। उनके मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए भविष्य में अवैध खनन न करने की चेतावनी दी गई, जिसके बाद उन्हें मौके से वापस भेजा गया। बताया कि 67 हजार 700 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है। एसडीएम मंजू राजपूत ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रुद्रनाथ महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

रुद्रप्रयाग। नगर पालिका रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में आगामी सात जनवरी से शुरू होने वाले सात दिवसीय रुद्रनाथ महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार महोत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप से संचालित करने के लिए पालिका पूरा प्रयास करने में जुटी है। मेले में जहां स्थानीय कलाकरों के साथ लोक गायक अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं मेले में झूले, चरखी एवं विभिन्न प्रकार की दुकानें भी लगाई जाएंगी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग रुद्रनाथ महोत्सव की तैयारियों में जुट गई है। इस बार रुद्रनाथ महोत्सव शुद्ध उत्तराखंडी संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक भावना का 7 दिवसीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें स्कूली बच्चें के सांस्कृतिक प्रदर्शन और लोक कलाएं, प्रसिद्ध गायकों और बैंडों द्वारा संगीतमय संध्याएँ, रुद्रकंठ, रुद्रनट व रुद्ररत्न प्रतियोगिता, स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं, महिला सशक्तिकरण समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चोरों ने दिनदहाड़े बंद घर को निशाना बनाया

देहरादून। शहर कोतवाली क्षेत्र के सहारनपुर चौक स्थित खदरी मोहल्ला में चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद घर को निशाना बनाया। चोर घर से सोने–चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपये की नगदी उड़ा ले गए। पीड़िता की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खदरी मोहल्ला निवासी नवीन टम्टा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते आठ अक्तूबर को घटना हुई। उनकी पत्नी शकुंतला टम्टा शाम करीब चार बजे अपने एक रिश्तेदार के घर गई थीं। घर पर कोई नहीं था। जब नवीन वापस लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, कानों के टॉप्स, शादी के समय की चांदी की पायल और 40 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे। पीड़ित ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो एक संदिग्ध व्यक्ति लाल रंग की टी–शर्ट पहने घर में घुसता हुआ दिखाई दिया। शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।सगाई समारोह में गए परिवार के घर से लाखों के गहने और बर्तन चोरीः जाखन स्थित बापू नगर में सगाई समारोह में शामिल होने गए एक परिवार के घर में चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोर घर से सोने–चांदी के गहने, नकदी और कांसे के बर्तन भी चोरी कर ले गए। राजपुर थाना पुलिस ने शक के आधार पर एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राजपुर प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि अनिता शर्मा निवासी जाखन, बापू नगर ने तहरीर दी। बताया कि नौ दिसंबर को वह अपने पूरे परिवार के साथ गढ़ी कैंट में एक सगाई समारोह में शामिल होने गई थीं। देर रात जब परिवार घर लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। घर से एक मंगलसूत्र, दो चांदी की चेन, चार जोड़ी चांदी की पायल, चार कांसे की थाली, बालों की क्लिप, दो सोने की बाली और छह हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

## विकसित भारत @ 2047 की दिशा तय करता संवाद

देहरादून। भारत को वर्ष @ 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रभावी संवाद, मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था, जिम्मेदार मीडिया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सबसे अहम आधार बताया गया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन ह्व2047 तक भारत को किस तरह विकसित किया जा सकता हैह्व विषय पर आयोजित विचार–विमर्श में प्रशासन, मीडिया, शिक्षा और जनसंचार क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब नीतियों के साथ–साथ उनका प्रभावी संप्रेषण भी सुनिश्चित किया जाएगा। सम्मेलन का दूसरा दिन विचारों के आदान–प्रदान, अनुभवों की साझेदारी




और भविष्य की रणनीतियों को तय करने का सशक्त मंच बना। वक्ताओं ने कहा कि तकनीकी प्रगति, डिजिटल गवर्नेंस और जनभागीदारी को मजबूती देने में जनसंचार की भूमिका आने वाले वर्षों में और अधिक निर्णायक होगी।

**प्रथम सत्र :**

**स्वास्थ्य, विज्ञान और सूचना पर फोकस**

दूसरे दिन के पहले सत्र में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री, महानिदेशक सूचना एवं उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी तथा यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने अपने विचार रखे। सत्र का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजीव कंडवाल ने मॉडरेटर के रूप में किया।

इस मौके पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत और सुलभ स्वास्थ्य व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और दुर्गम राज्य में टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ सेवाएं एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई हैं। इन माध्यमों से अब विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है।

अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने कहा कि सुशासन की सफलता प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील संचार पर निर्भर करती है। रु

## पैनखंडा महोत्सव देख कर लौट रहे सात लोगों को बस ने मारी टक्कर

चमोली। ज्योतिर्मठ में शनिवार देर रात पैनखंडा महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या समाप्त होने के बाद पैदल लौट रहे लोगों को एक तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सात लोग घायल हो गए, जिनमें दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। शनिवार रात सांस्कृतिक संध्या समाप्त होने पर दर्शक घर लौट रहे थे, तभी रविग्राम गैस कार्यालय के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने पैदल चल रही भीड़ को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुल सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दुर्घटना रात लगभग 11:30 बजे की बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवकों की पहचान शिवम बिष्ट (19) निवासी सिंद्रवाला गौचर और सिद्धार्थ पंवार (21) निवासी चांई, जोशीमठ के रूप में हुई है। सीएचसी जोशीमठ के चिकित्सा प्रभारी डॉ. गौतम ने बताया कि शिवम के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि सिद्धार्थ की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। दोनों के शरीर पर कई जगह चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद देर रात दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अन्य पांच घायलों को हल्की चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार के बाद रविवार को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिस बस से यह हादसा हुआ उसे आयोजन समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्या देखने आए लोगों को उनके घर तक छोड़ने के लिए लगाया गया था।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338